# अधिसूचना

नई दिल्ली, 11 फरवरी, 2015

**का.आ. 480(अ).—**जबकि आयकर अधिनियम, 1961(1961 का 43) की धारा 35 क ग के स्पष्टीकरण के खंड (ख) के अंतर्गत जारी की गई भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, (राजस्व विभाग) की दिनांक 15.02.2007 की अधिसूचना सं0 **का0**आ0 234(अ) द्वारा केन्द्रीय सरकार ने ''जैन सोशल फेडरेशन का आनंदऋषिजी अस्पताल और चिकित्सा अनुसांधान केंद्र, प्लाट नं. 124, आनंदऋषिजी मार्ग, अहमदनगर-414001 (महाराष्ट्र)'' द्वारा ''संयंत्र और मशीनरी की खरीद और संस्थापना, अवसंरचना का विस्तार'' की परियोजना को वित्तीय वर्ष 2006-07 को प्रारंभ होने वाली दो वर्षों की अवधि के लिए एक पात्र परियोजना अथवा स्कीम के रूप में क्रम सं0 15 पर अधिसूचित किया था, जिसे बाद में दिनांक 17.06.2008 की अधिसूचना सं. का.आ. 1477(अ) के तहत वित्तीय वर्ष 2008-09 को प्रारंभ होने वाली तीन वर्षों की अवधि के लिए और बढ़ा दिया गया और जिसे बाद में दिनांक 14.06.2011 की अधिसूचना सं. का.आ. 1395(अ) द्वारा वित्तीय वर्ष 2013-2014 को समाप्त होने वाली तीन वर्ष की अवधि के लिए बढ़ा दिया गया था ;

और जबकि उक्त परियोजना या स्कीम के आठ वर्षों से अधिक चलने की संभावना है;

और जबकि सामाजिक और आर्थिक कल्याण की अभिवृद्धि के लिए राष्ट्रीय समिति का यह समाधान हो जाने पर कि उक्त परियोजना अथवा स्कीम उपयुक्त रूप से निष्पादित की जा रही है, इस समिति ने आयकर नियमावली, 1962 के नियम 11 ड के उप-नियम (5) के अंतर्गत उक्त परियोजना अथवा स्कीम को अगले तीन वर्षों की अवधि के लिए विनिर्दिष्ट करने की सिफारिश की है ;

इसलिए, अब, केन्द्रीय सरकार, आयकर अधिनियम, 1961(1961 का 43) की धारा 35 क ग के स्पष्टीकरण के खंड (ख) के साथ पठित उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, एतद्द्वारा "जैन सोशल फेडरेशन का आनंदऋषिजी अस्पताल और चिकित्सा अनुसंधान केंद्र, प्लाट नं. 124, आनंदऋषिजी मार्ग, अहमदनगर-414001 (महाराष्ट्र)" द्वारा चलाई जा रही "संयंत्र और मशीनरी की खरीद और संस्थापना, अवसंरचना का विस्तार" की परियोजना अथवा स्कीम को 11.30 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत में कोई परिवर्तन किए बिना वित्तीय वर्ष 2014-15 से प्रारंभ होने वाले वर्ष से आगे तीन वर्षों की अवधि अर्थात 2014-15, 2015-16 और 2016-2017 के लिए एक पात्र परियोजना अथवा स्कीम के रूप में अधिसूचित करती है ;

[सं. 110/2015/फा. सं. वी -27015/4/2014-एसओ (रा.स.)]

मक्खन लाल मीना, उप सचिव (राष्ट्रीय समिति)